कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री चेतन कुमार सैनी, निवासी रामावाली ढाणी, जैलमपुरा खानवास तहसील लवाण जिला दौसा राज0 303004

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण जिला दौसा

अपील संख्या 35/2024

निर्णय दिनांक 14.08.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लवाण को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2024/2523 दिनांक 16.07.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लवाण की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। पत्रावली के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना क्र0सं0 01 से 06 प्रश्नात्मक होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना दिया जाना अपेक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.09.23 14:10:50 IST
Reason: SelfAttested